एक नजर में

शिवमहापुराण कथा का समापन 26 को

नवभारत न्यूज, करनवास 23 मई, सं. ग्राम करनवास के मध्य देवस्थान नापल्याखेड़ी में बीते 17 मई से जारी शिवमहापुराण एवं देवनारायण कथा में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे है. प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक पंचकुण्ड यज्ञ एवं महारूद्राभिषेक किया जा रहा है. वहीं दोपहर 12 से 3 बजे तक शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है. इसके साथ ही रात्रि 8 से 11 बजे तक देवनारायण कथा का आयोजन जारी है. आयोजन में देवनारायण कथा प्रवक्ता राजेश गुर्जर लोड़ाखेड़ी, महंत राजगिरी महाराज जूना अखाड़ा और कथा व्यास आचार्य ललित पाठक अमरकंटक रोड़ मेहता के सानिध्य में किया जा रहा है. आयोजनकर्ता समस्तग्रामवासी दुपाडिया, बादलखेड़ी, दामडिया, पानिया, लसुडिलया, देवलखेड़ा, छतरी, देहरीबामन, सनखेड़ी, नापल्याखेड़ी, भीलवाड़िया, पुनरखेड़ी, भाटखेड़ी, ओढ़पुर, दुल्तारिया, मोहनपुरा दूधी, मिट्ठनपुर, पचोर, रूघनाथपुरा, बिलापुरा, मोहनपुरा, गांगाहोनी और भोपाल पुरा द्वारा किया जा रहा है. आयोजनकर्ताओं ने समस्त नागरिकों से धर्मलाभ लेने का आव्हान किया है.

नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में टॉर्च मार्च आज

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 मई, का. मेडिकल प्रवेश परीक्षा(नीट) में भारी धांधली, पेपर लीक व विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में भ्रष्टाचार सहित 12 वी सीबीएसई रिजल्ट में छात्रों के साथ हुए अन्याय के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में मोबाइल की टॉर्च जलाकर पैदल मार्च किया जाएगा. इस हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी ने समस्त पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस पदाधिकारीगण, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति सहित समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कांग्रेस परिवारजनों से अनुरोध किया है कि इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर छात्रों व युवाओं की आवाज को बुलंद करने का आवाहन किया है. उक्त टॉर्च रैली गायत्री मंदिर इंदौर नाका से आज शाम 06 बजे प्रारंभ होगी व अंबेडकर चौराहे पर समापन होगी समापन अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह जी छात्रों व कांग्रेसजनों को संबोधित करेंगे.

भीषण गर्मी से बचने एडवायजरी जारी

राजगढ़ 23 मई, का. प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भीषण गर्मी से बचने के लिए एडवायजरी जारी की गई है. जिसमें शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और पके हुए आम जैसे मौसमी फल-सब्जियों का अधिक सेवन करें. शरीर में पानी और मिनरल्स की कमी को तुरंत पूरा करने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी और छाछ का नियमित उपयोग करें. धूप और लू के सीधे थपेड़ों से बचने के लिए हमेशा बाहर निकलते समय हल्के रंग के और सूती (कॉटन) कपड़े ही पहनें.

अपने साथी से मारपीट के विरोध में काम बंद

कर्मचारी से मारपीट के विरोध में सफाईकर्मियों ने शुरू की हड़ताल, कार्यवाही के बाद काम पर लौटे

आवारा पशु हटाने को लेकर हुआ विवाद कुरावर नगर परिषद एक माह में दूसरी बार चर्चा में

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/ कुरावर 23 मई, सं. कुरावर नगर परिषद एक माह में लगातार दूसरी बार चर्चा में है. इस बाद एक कर्मचारी से मारपीट के विरोध में परिषद के कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी है. एक दिन पूर्व हुई मारपीट के बाद कर्मचारी धरने पर बैठे और कार्यवाही की मांग की है.

नगर में आवारा पशुओं को बाहर निकालने की कार्रवाई के दौरान हुए विवाद ने शनिवार को नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित कर दी. सफाई कर्मियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक काम बंद कर नगर परिषद कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया. बाद में पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए जाने के बाद हड़ताल समाप्त हुई और सफाई कार्य पुन: शुरू हुआ.

जानकारी के अनुसार नगर में मई माह के दौरान नगर परिषद से जुड़े विवाद लगातार सामने आ रहे हैं. पहले अध्यक्ष और सीएमओ के बीच विवाद चर्चा में रहा, वहीं अब आवारा पशुओं को हटाने की कार्रवाई को लेकर नया मामला सामने आया है. शुक्रवार सुबह नगरवासियों की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन ने नगर परिषद कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को नगर से आवारा पशुओं को बाहर निकालने के निर्देश दिए थे. निर्देशों के पालन में सफाई कर्मी वार्ड क्रमांक-7 में आवारा पशुओं को हटाने पहुंचे थे. इसी दौरान एक निजी पशु को लेकर अमित, शरद पिता प्रकाश कुशवाहा एवं अन्य लोगों के साथ नगर परिषद कर्मचारियों और सफाई कर्मियों की कहासुनी हो गई. कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनके साथ गाली-गलौज की गई.

कार्यवाही के बाद काम पर लौटे कर्मचारी

घटना के बाद नगर परिषद कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों ने काम बंद कर नायब तहसीलदार, सीएमओ तथा थाना प्रभारी कुरावर को सामूहिक शिकायत आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी. देर रात तक पुलिस कार्रवाई नहीं होने से शनिवार सुबह कोई भी सफाई कर्मी नगर में सफाई करने नहीं पहुंचा. इसके बाद सफाई कर्मियों ने प्रदेश अध्यक्ष वीरू वाल्मीकि, उपाध्यक्ष रामबाबू वाल्मीकि, दरोगा रिंकू वाल्मीकि एवं संजय होटले के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जितेंद्र मवई ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित एवं शरद पिता प्रकाश कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर नगर की सफाई व्यवस्था संभाली.

10 लाख का लोन के नाम पर युवक से ठगी

नवभारत न्यूज

सुठालिया 23 मई, सं. लोन दिलाने के नाम पर एक ग्रामीण से 31 हजार रूपए की ठगी का मामला सामने आया है. करीब 10 लाख रूपए का लोन दिलाने का झांसा देकर फरियादी से 31 हजार रूपए ऐंठे गए है. मामले में पुलिस को शिकायत की गई है. पुलिस ने आरोपीमुकेश पिता रामनारायण मेहरा निवासी ग्राम पीलूखेडी चरनाल थाना अहमदपुर जिला सीहोर और दिनेश पिता रामस्वरूप मीना निवासी ग्राम पीलूखेडी चरनाल थाना अहमदपुर जिला सीहोर व अजय पिता बुध्दराम वर्मा निवासी विजयगढ थाना नरसिहगढ़ जिला राजगढ के विरूद्ध ठगी का मामला दर्ज कर लिया है.

जानकारी के अनुसार फरियादी भगवान सिहं पिता मिश्रीलाल मीना उम्र 47 साल निवासी ग्राम नेवली ने अपने लडके कृष्णमोहन मीना के साथ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 मई को दोपहर में मुकेश पिता रामनारायण मेहरा का फोन आया और कहा कि तुम को लोन चाहिये क्या. पूछने पर उसने मुथुट फायनेंस कम्पनी में काम करना बताया. उसने अपना ऑफिस एमपी नगर भोपाल में होना बताया. मुकेश तथा उसका साथी दिनेश दोनो नेवली पहुंचे. उन्होंने फरियादी का आधार कार्ड पेन कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाईल नंबर लिया. सबकुछ देखकर उन्होंने कहा कि तुम्हारा 10 लाख रूपये का लोन हो जाएगा. कल तुम सारे कागजात लेकर ब्यावरा आ जाना. हम दोनो तुमको भोपाल बायपास ब्यावरा में मिलेंगे. फरियादी 16 मई को 12.00 बजे अपने कागजात लेकर ब्यावरा पहुंच गया. भोपाल चौराहे पर दोनो आरोपी मुकेश व दिनेश होटल में ले गए और ल भग 5 घंटे तक मेरे सभी सामान रखने के बाद मुझसे बोले की तुम्हारा 10 लाख 62 हजार रूपये का लोन मुथुत फायनेंस कम्पनी से हो जायेगा. उन्होने मुझे बिना बताये ही 15 मई को 29000 हजार रूपये और 16 मई को 26460 यानी इस प्रकार कुल कुल 55460 रूपये का लोन मुथुत बैंक से लोन नही कराकर अन्य बैंको से लोन करा दिया. धोखाधड़ी से मुझसे 31 हजार 900 रूपये मुकेश मेहरा के खाते में डाल कर निकाल लिये. उसके साथी अजय पिता बुध्दराम वर्मा निवासी विजयगढ ने मुझे फोन लगाकर बोला था कि आपको हमारी ब्रांच एमपी नगर भोपाल मे आना पडेगा. इस तरह झांसा देकर तीनो ने मेरे साथ धोखाधडी कर मेरे यूपीआई खाते से रूपये निकाल लिये. फरियादी ने पुलिस को बैंक आफ इण्डिया ब्यावरा का स्टेटमेंट एवं ट्रांजेक्शन का स्क्रीन शॉट दिया है.

स्मैक के साथ युवक धराया, 4 लाख का माल जब्त

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 मई, का. भोजपुर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब साढ़े चार लाख रूपए की स्मैक के साथ आरोपी को हिरासत में लिया है. पुलिस इसे स्मैक के सप्लाई नेटवर्क से जोड़कर देख रही है. ऑपरेशन शुद्धि के तहत भोजपुर पुलिस ने शनिवार को एक युवक को 46.50 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत 4 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहन पिता भंवरलाल तंवर निवासी ग्राम खाजली के रूप में हुई है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध हालत में मादक पदार्थ लेकर घूम रहा है. सूचना के आधार पर भोजपुर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मोहन को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से 46.50 ग्राम स्मैक बरामद की गई. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में स्मैक केवल व्यक्तिगत सेवन के लिए नहीं थी शुरुआती जांच में स्थानीय स्तर पर आपूर्ति और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका सामने आने की संभावना जताई जा रही है. आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि वह स्मैक कहां से लाया था और किन इलाकों में इसकी सप्लाई की जानी थी. पुलिस उसके मोबाइल संपर्क, आने-जाने के रूट और संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है. आरोपी मोहन के खिलाफ थाना भोजपुर में मामला दर्ज किया गया है. कार्रवाई थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अजय यादव सहित भोजपुर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही.

गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मई, का. पुरुषोत्तम मास में होने वाले गंगा दशहरा महोत्सव को इस साल भव्य स्वरूप देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं. बुधवार रात गंगा मंदिर डॉ. मुकेश मारू ने बताया कि 25 मई सोमवार को विशाल पालकी शाम 6 बजे मां गंगा की भव्य पालकी यात्रा गंगा मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी.

अस्थाई कैनॉल बनाकर ब्यावरा तक पानी लाएगी नगर पालिका

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मई, का. पेयजल संकट के कुख्यात ब्यावरा शहर इस दंश और बदनामी से कब निजात पाएगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है. पूरे साल पानी को लेकर पुराने शहर में जद्दोजहद चलती है. बारिश के अलावा महीने पानी रोज मिलना मुश्किल है. अब नगर पालिका भी मान रही है कि शहर में पेयजल संकट है. पिछले एक पखवाड़े में लगातार पड़ने वाली गर्मी से पेयजल स्त्रोत रीतने लगे है. पेयजल संकट गहरा गया है. नगर के प्रमुख जल स्त्रोतों कुशलपुरा डैम और घोड़पछाड़ जल सप्लाई केंद्र में जलस्तर लगातार घट रहा है. शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने स्थिति का जायजा लेने के लिए इन जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि पानी का स्तर इतना नीचे चला गया है कि इंटेक वेल तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है. इससे शहर की जल आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ गया है. नगर पालिका अब वैकल्पिक व्यवस्थाएं शुरू करने का निर्णय ले चुकी है. एक अस्थाई केनाल बनाकर डेम का पानी इंटेक वेल तक पहुंचाया जाएगा. आवश्यकता पड़ने पर मोहनपुरा परियोजना से भी अस्थाई तौर पर पानी उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है. निरीक्षण के समय जल शाखा प्रभारी रमेश यादव और सब इंजीनियर राहुल गुप्ता भी मौजूद रहे. अधिकारियों ने जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा की और आपूर्ति को नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए. सीएमओ इकरार अहमद ने कहा कि वर्तमान स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन नगर पालिका हर स्तर पर तैयारी कर रही है. उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए पानी का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करने और अनावश्यक बर्बादी रोकने का आग्रह किया.

मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

प्रियव्रत सिंह ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर जताई आपत्ति

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 23 मई, का. आगामी नगरपालिका चुनावों के लिए प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल को पत्र भेजकर आपत्ति दर्ज कराई है.

कांग्रेस ने जिला स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में सवाल उठाया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रक्प्रक्रिया के तहत गहन जांच और दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी तथा उसी आधार पर पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हुए. इसके बावजूद स्थानीय निकाय चुनावों में 1 जनवरी 2026 की पुरानी मतदाता सूची के आधार पर प्रारूप प्रकाशन क्यों किया गया.

इस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग से अपडेटेड डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है, इसलिए वर्तमान जानकारी के आधार पर सूची प्रकाशित की गई है. कांग्रेस ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि इसी सूची से चुनाव होते हैं तो एसआईआर प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होंगे. प्रियव्रत सिंह ने निर्वाचन आयोग से वस्तुस्थिति स्पष्ट कर पारदर्शी निर्णय लेने की मांग की है.

बस में सवार होकर पहुंचे सांसद, मंत्री और कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज, सारंगपुर/पचोर 23 मई, सं. सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के साथ सार्वजनिक परिवहन बस द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिला राजगढ़ प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होने हेतु बस द्वारा रवाना हुए. इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉक्टर गौतम टैटवाल सांसद रोडमल नागर, वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, महेश पुष्पद, शेखर शर्मा, विनोद पाटीदार, मोहन गुप्ता आदि शामिल रहे.

पुरानी किताबों को संवारकर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहीं बेटियां

खुशियां ग्रुप की सदस्यों का नवाचार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मई, का. आओ खुशियां बांटे ग्रुप की बेटियों ने स्कूल शुरू होने से पहले पुनीत कार्य शुरू किया है. उन्होंने पुरानी किताबों और कॉपियों को रिनोवेशन यानी रिवाईंअप कर उन्हें जरूरतमंदों के लिए तैयार कर उपलब्ध कराने का काम किया है. घर घर जाकर अधूरे खाली कॉपी और रजिस्टर्स एकत्रित कर रही है और उन्हें पुन: रिवाइंड करवाकर, आर्थिक असमर्थ विद्यार्थियों यह शिक्षण सामग्री पहुंचाई जा रही है.

इस नेक काम में अक्षरा अग्रवाल एंड ग्रुप जिसमें अदिति शर्मा, भूमिका लश्करी और अक्षिता अग्रवाल शामिल हैं. जो केवल पढ़ाई में होनहार ही नहीं बल्कि समाज के प्रति संवेदना भी रखती है.

नगर के प्रबुद्धजनों ने इनकी पहल को सराहा है. वहीं पार्षद श्रीमती रूचि रवि बड़ोने ने समस्त संवेदनशील एवं जागरूक सज्जनों से आग्रह किया है कि इस पहल में इन बेटियों का साथ दें, स्टेशनरी से संबंधित किसी प्रकार की सामग्री आप इस अभियान में सहायता हेतु दे सकते हैं. जो किसी होनहार छात्र अथवा छात्रा के भविष्य निर्माण मे सहायक होगा.

भव्य पथ संचलन के साथ संघ का शिक्षा वर्ग, 32 जिलों से स्वयंसेवक पहुंचे

ब्यावरा 23 मई, का. नगर में शनिवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 15 दिवसीय प्रांतीय संघ शिक्षा वर्ग के तहत एक भव्य पथ संचलन निकाला गया. इस दौरान नगर का वातावरण अनुशासन, समरसता और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा. वर्ग में शामिल शिक्षार्थियों ने एकरूप वेशभूषा में कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से मार्च किया. यह पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ और सुठालिया रोड, मुख्य बाजार सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: शिशु मंदिर पहुंचा. ब्यावरा इन दिनों संघ के एक बड़े वैचारिक और संगठनात्मक आयोजन का केंद्र बना हुआ है. मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित इस 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में 32 जिलों से लगभग 200 व्यवसायी स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. इस वर्ग में शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं. पथ संचलन के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला और समरसता तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया. वक्ताओं ने बताया कि संत रविदास ने समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और समानता का मार्ग दिखाया, और उनके विचार वर्तमान समय में सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं.

असर खबर के बाद अपने ही विभाग के एएसआई की देहात थाने में घटना के 10 दिन बाद एफआईआर दर्ज हुई

अंतत : एएसआई से लूट की एफआईआर दर्ज, खींची अस्पताल में भर्ती

साइबर ठगी के शिकार एएसआई गोपाल सिंह खींची घुटनों के ऑपरेशन के दौरान अस्पताल में भर्ती

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मई, का. बीते 10 मई को साईबर ठगी का शिकार हुए एएसआई गोपाल सिंह खींची इंदौर अस्पताल में भर्ती है. उन्होंने अपने दूसरे घुटने का ऑपरेशन आर्थिक परेशानी के बीच जैसे तैसे कराया है. इधर मामले में देहात थाना पुलिस ने बीते दिनों नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित करने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है. हालांकि अपने ही महकमे में और देहात थाने को सेवाएं देने वाले असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर ग्यारह दिन बाद एफआईआर दर्ज किया जाना मौजूद पुलिस व्यवस्था पर सवाल पैदा कर रहा है. वहीं दूसरी ओर परिवारजनों ने जल्द न्याय और आरोपियों से उनका पैसा वापस दिलाने की मांग की है.

उल्लेखनीय है कि बीते 10 मई को ब्यावरा के श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले एएसआई गोपाल सिंह खींची के सैलरी अकाउंट से 10 हजार जबकि उनकी पत्नि के खाते से तीन बार में 95-95 हजार रूपए की राशि साईबर ठगों ने निकाल ली थी. मामले में उन्होंने देहात थाने और साईबर टीम को शिकायत दर्ज कराई थी. साईबर टीम ने शिकायत दर्ज कर ली थी लेकिन देहात थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी. वहीं साईबर टीम भी अब तक किसी मुकाम पर नहीं पहुंच पाई है.

बेटे ने लगाई गुहार, कहा हमारी मदद करें, मम्मी-पापा परेशान हैं..!

इधर अपने पापा के विभाग से गोपाल सिंह के बेटे ने वीडियो जारी कर मदद और न्याय की गुहार लगाई है. उनके बेटे कपिल सिंह खींची ने वीडियो जारी कर कहा कि हमारा परिवार मुसीबत में है. पापा के घुटनों का ऑपरेशन हुआ है. दोनों घुटनों में परेशानी है. साईबर ठगी के बाद मां भी बहुत परेशान है. पुलिस विभाग से कपिल ने अपील की है कि जल्द न्याय दिलाया जाए, मामले की जांच हो और साईबर ठगों से उनकी जरूरत का पैसा उन्हें वापस दिलाया जाए.

अपना स्ट्राइक रेट सुधारने में सरकार की छवि बिगाड़ रही पुलिस

जब तक आरोपी पकड़ में आने की उम्मीद नहीं होती, तब तक फरियादी थानों के चक्कर काटते रहते हैं. आवेदन लेकर पुलिस मामले को टालती रहती है, लेकिन जैसे ही आरोपी हाथ लगते हैं, वही मामला तत्काल एफआईआर में बदल जाता है. हालिया मामले ने इस व्यवस्था पर फिर बहस छेड़ दी है। 3 अप्रैल को हुए मोबाइल चोरी के मामले को पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद 16 मई की लूट की घटना बताकर पेश कर दिया. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या अपराध दर्ज करने का आधार घटना है या फिर आरोपी का मिलना. स्थानीय लोगों का कहना है कि पीड़ितों को शुरुआत में गंभीरता से नहीं सुना जाता. कई मामलों में फरियादी को सबूत, गवाह और आरोपी तक की जानकारी जुटाने का दबाव झेलना पड़ता है. थानों में अक्सर यह संदेश दिया जाता है कि पहले आरोपी का सुराग दो, फिर कार्रवाई होगी. अपराध दर्ज नहीं होने से पीड़ति न्याय से दूर होता है और अपराध के वास्तविक आंकड़े भी दब जाते हैं. वहीं आरोपी पकड़े जाने के बाद पुलिस प्रेस नोट जारी कर अपनी सफलता दिखाने में पूरी ताकत लगा देती है. सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि शुरुआत में ही शिकायतों पर निष्पक्ष और समय पर एफआईआर दर्ज हो, तो फरियादियों को महीनों तक भटकना क्यों पड़े? लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से पुलिस की कार्यप्रणाली के साथ सरकार की छवि पर भी असर पड़ रहा है.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026